हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, बुधवार 28 अगस्त 2024
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 जन्माष्टमी पर छलका श्रद्धा और उत्साह, मटकी ...



10 15 दिन में लैब रिपोर्ट देने का नियम, कई हफ्ते...



## जनदर्शन : कलेक्टर जनदर्शन में मांग व समस्या लेकर पहुंचे नागरिक

# किसी ने मांगा प्रधानमंत्री आवास, किसी ने मांगी पेंशन, दिव्यांगों को मिली ट्राइसिकल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने मंगलवार को जनदर्शन में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों से पहुंचे लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष पर और समक्ष बुलाकर संबंधित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान कुछ आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया।

■ कुछ आवेदनों का मौके पर ही हुआ निराकरण, कुछ के लिए तय की गई समय सीमा



कलेक्टर जनदर्शन में विभिन्न शिकायत एवं समस्याओं से संबंधित 25 आवेदन प्राप्त हुए। तात्कालिक महत्व की समस्याओं का जहां त्वरित निराकरण किया गया, वहीं गंभीर और जांच के आवेदनों को टीएल पंजी पर दर्ज करके, इनका निराकरण करने के निर्देश संबंधित अफसरों को दिए। इस दौरान जनदर्शन में दूरदराज के गांवों से अपनी समस्याओं के समाधान के लिए पहुंचे लोगों में से तहसील बेमेतरा के सुंदर नगर निवासी अनंत पुरी गोस्वामी ने भूमि सीमांकन में त्रुटि सुधार के संबंध में आवेदन दिया। बेमेतरा तहसील के ग्राम बावामोहतरा के निवासी दुर्गा यादव ने घास जमीन में अवैध रूप से बाउंड्रीवाल को हटाने के संबंध में आवेदन दिया।

## बैटरी चलित ट्राइसिकल मिलने पर हॉर्न बजाकर जताई खुशी



कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के दो दिव्यांग व्यक्तियों को बैटरी चलित ट्रायसिकल प्रदान की गई। ग्राम लुक निवासी दिव्यांग मुक्तावन दास और विमला साहू ग्राम सेमईकला को उनके आवागमन में सहूलियत प्रदान करने के उद्देश्य से यह सहायता दी गई।

जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने दिव्यांगजन के जीवन में सुधार और उनकी स्वावलंबन की दिशा में किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना है, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और अपने जीवन को बेहतर तरीके से जी सकें। उप संचालक ज़िला समाज कल्याण बरखा कासू ने बताया कि बैटरी चालित ट्राइसिकल समाज कल्याण की दिव्यांग सहायक उपकरण वितरण योजना अंतर्गत प्रदान किया गया है। दोनों दिव्यांग व्यक्तियों ने कलेक्टर और प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह ट्राइसिकल उनके लिए एक नई उम्मीद की किरण है। इस सहायता से वे अपने रोजमर्रा के कार्यों को सहजता से कर सकेंगे और उनकी जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने हॉर्न बजाकर खुशी जतायी।

### बेंवरा को ग्राम पंचायत बनाने की मांग

तहसील नांदघाट के ग्राम बेंवरा के समस्त ग्रामवासी ने ग्राम बेंवरा को ग्राम पंचायत बनाने के संबंध में आवेदन दिया। तहसील नवागढ़ के ग्राम मुलमुला निवासी चंद्रभूषण भारती ने पी.एम. विश्वकर्मा योजना से लोन लेने के संबंध में आवेदन दिया। इसके अलावा आम नागरिकों ने निराश्रित पेंशन दिलाने, बैटरी चलित ट्रायसायकल के लिए, प्रधानमंत्री आवास दिलाने, कटा हुआ रकबा जोड़ने, खाद गड्ढा को हटाये जाने, आम रास्ता खुलवाने, वृद्धापेंशन, दिव्यांगता पेंशन दिलाए जाने की मांग की। कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके निराकरण का भरोसा दिलाया। इस दौरान कलेक्टर शर्मा ने श्रमिकों को श्रम कार्ड का भी वितरण किया। इस अवसर जिला पंचायत सीईओ टेकचंद्र अग्रवाल व अपर कलेक्टर डॉ. अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# कंडरका स्कूल में बच्चों ने फोड़ी मटकी, लूटी दही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कंडरका में संस्था प्राचार्य राजेन्द्र झा के सानिध्य में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ अतिथियों के स्वागत वंदन एवं सुमधुर गीत प्रस्तुति पुष्पा नायक शिक्षिका के द्वारा प्रारंभ हुआ। जिसमें बच्चों की राधा कृष्ण की अनोखी लीला की प्रस्तुति हुई। उसके बाद बालक/बालिकाओं के लिए जलेबी दौड़ का आयोजन किया गया।

साथ ही दही लूट कार्यक्रम भी रखा गया, जिसमें बालकों ने बहुत रोचक एवं आकर्षक तरीके से दही की मटकी को फोड़ अपनी प्रसन्नता एवं जीत को व्यक्त की। इनके साथ ही बालिकाओं ने भी दही लूट कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही साथ डंडा नृत्य का भी आयोजन हुआ। सभी जीतने वाले बच्चों को ग्राम प्रमुख सरपंच यशोदा गोपीचंद निषाद एवं उप सरपंच रोहित यदु एवं संस्था प्राचार्य राजेन्द्र झा ने 5000 रूपये से पुष्पा नायक को सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से रविशंकर सेन, डॉ दीपक साहू, चेतन साहू, मनीषा कुलकर्णी, भीमलता वर्मा, राजेश्वरी सोनी, तुलसी टंडन, पुष्पांजलि दीवान, सरस्वती साहू तथा माध्यमिक विद्यालय से प्रहलाद कुमार टिकरिहा एवं केवरा सेन एवं शाला प्रबंधन समिति सदस्य एवं समस्त ग्रामवासी भी सम्मिलित थे। इस अवसर पर उपस्थित समस्त सदस्यों के साथ साथ समस्त बच्चों को भी मीठा दही प्रसादी के रूप में वितरित की गई। सभी पौधों को रक्षासूत्र बांधकर सुरक्षा का संकल्प लिया गया तथा अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण भी किया गया।

■ विद्यालय में धूमधाम से मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी

## खबर संक्षेप

### वीर सपूत उद्यान का लोकार्पण 31 को

**बालोद/कुर्दी।** आगामी 31 अगस्त को ग्राम कुरदी में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष पवन साहू के करकमलों से 111 फीट ऊंचे राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा एवं वीर सपूत उद्यान का लोकार्पण होगा। ग्राम पंचायत कुरदी के सरपंच संजय कुमार साहू, उपसरपंच झुलाराम ठाकुर, ग्राम पंचायत सचिव राजेन्द्र कुमार पिपरिया ने बताया कि कार्यक्रम की अध्यक्षता सांसद भोजराज नाग करेंगे। उक्त कार्यकम सेवा सहकारी समिति मार्य कुर्दी के धान उपार्जन केन्द्र मैदान में होगा। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर प्रशासनिक अमला ग्राम में पहुंचा था। इस दौरान विकासखंड के प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम सुरेश कुमार साहू, तहसीलदार अर्जुन्दा प्रीतम साहू, जनपद सीईओ निकीता सुलताना, लोनिवि उपयंभिता लोकेश साहू, पूर्व विधायक वीरेन्द्र साहू, पंकज चौधरी बबलु जैन, नोहर साहू उपस्थित थे।

### समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री से मिलेंगे गन्ना उत्पादक किसान

**बालोद।** जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ की बैठक में गन्ने की बकाया बोनस राशि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। गन्ने की बकाया बोनस राशि नहीं मिलने से जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आठ माह बीत जाने के बावजूद गन्ना किसानों को बोनस की राशि नहीं मिल पाई है। इससे हमें परेशानी उठानी पड़ रही है। बैठक में गन्ना उत्पादक किसानों ने निर्णय लिया गया कि पुनः एक बार जिला गन्ना उत्पादक किसान संघ का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याएं बताकर उनके निराकरण का आग्रह करेगा। उसके बाद भी यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आगे आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

### मोडिफाइड सायलेसर वाहनों पर कार्रवाई

**भिलाई।** मोडिफाइड साइलेंसर लगाने वाले 15 वाहन चालको के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। चालको के खिलाफ पुलिस ने मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई किया है। रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने सेक्टर क्षेत्र और सूर्या मॉल की ओर मोडिफाइड साइलेंसर का उपयोग करवाहन चलाते युवक धरे गए।

### मानिकपुरी पनिका का तीज मिलन 1 को

**भिलाई।** रुआबांधा महिला इकाई द्वारा 1 सितम्बर दिन रविवार को सामाजिक भवन रुआबांधा में तीज मिलन महोत्सव का आयोजन किया गया है। इसमें दुर्ग, भिलाई, पाटन, धमधा के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के महिलाएं शामिल होंगी। आयोजन में सांसद विजय बघेल की पत्नी रजनी बघेल प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगी। इसके अलावा राष्ट्रपति पुरस्कृत छत्तीसगढ़ी लोक गायिका रजनी रजक, समाज सेविका प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव निलिमा राबिन विशेष रूप से मौजूद रहेंगी। साथ ही अन्य विशिष्ट महिलाओं को आमंत्रित किया गया है। इस आयोजन में समाज की महिलाओ द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद एवं अनेक मनोरंज कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजकों ने समाज की महिलाओं से अपील की है।

# श्री रामकृष्ण गौशाला की व्यवस्था सुधारने नए लोगों को दी गई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थान खम्हरिया

दो दशक पूर्व से चल रही श्री रामकृष्ण गौशाला की व्यवस्था डगमगाने के बाद, नए गोपालकों ने जिम्मेदारी संभाल ली है। पुराने गौशाला संचालक से चाबी मांगकर गौ सेवक दीपक तिवारी को सुचारू रूप से गौशाला संचालित करने के लिए चाबी सौपी गई है।

श्री रामकृष्ण गौशाला की स्थापना दो दशक पूर्व हुई थी, और तब से यह गौ माताओं की सेवा और संरक्षण के लिए जानी जाती रही है। लेकिन पिछले कुछ समय से गौशाला की संचालकों एवं व्यवस्थापकों की समिति को भंग कर नया गठन किया गया। भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री चंद्रशेखर राजपूत ने बताया कि कांग्रेस शासन काल में लगातार 20 वर्षों से गौ सेवा के कार्य में रहकर गौशाला संचालित कर रही बेहतर समिति का 2 साल तक कोरोना काल में अनुदान रोक कर परेशान किया गया। वहीं, समिति को भंग कर अस्थाई समिति का गठन किया था। जिसके कारण गौशाला की स्थिति लगातार खराब होती जा रही थी। गायों की खराब होती स्थिति को देखते हुए हाल ही में छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग द्वारा रामकृष्ण गौशाला के गौवंशों को दूसरे स्थान आदर्श गौशाला एवं गो अभ्यारण में विस्थापित करने का निर्देश दिया गया था। लेकिन, राजा पाण्डे के नेतृत्व में डॉ निर्मल केडिया, अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर सिन्हा राजपूत, राजा सिन्हा, महेश दुबे, जितेंद्र साहू, फागु सिन्हा, महेश दुबे, सूरज पाल, शुभम यादव, मुकेश जोशी, ओमप्रकाश जोशी भाजपा जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में श्रीरामकृष्ण गौशाला को संचालित करने के लिए वैकल्पिक गौ सेवकों का चयन किया गया है। उसके बाद गौ सेवक दीपक तिवारी को गौशाला की चाबी सौंपकर व्यवस्थित रूप से व्यवस्था संचालन की जिम्मेदारी दी गई है।

■ लगातार खराब हो रही स्थिति को देखते हुए लिया गया निर्णय

# श्रेयकुशल शर्मा नेशनल जु जित्सु प्रतियोगिता के लिए चयनित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा




दुर्ग के मनसा कॉलेज में चौथी राज्य स्तरीय जु जित्सु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता 24 से 25 अगस्त को हुआ। यह प्रतियोगिता सीनियर वर्ग का आयोजित किया गया था ।जिसमें बेमेतरा जिले का प्रतिनिधित्व करते हुए साजा के श्रेयकुशल शर्मा ने जु जित्सु मार्शल आर्ट के तीन इवेंट में भाग लेकर 2 गोल्ड मेडल ,1 ब्राज मेडल जीता। श्रेयकुशल ने अंडर 21 बालक वर्ग के -77 किलोग्राम वर्ग में फाइटिंग सिस्टम में गोल्ड मेडल ,कांटेक्ट में गोल्ड मेडल ,नेवाजा में ब्रांज मेडल प्राप्त किया। इस अच्छे प्रदर्शन से वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ जु जित्सु एसोसिएशन के सचिव राणा अजय सिंह के मार्गदर्शन में हुआ। श्रेयकुशल शर्मा के चयनित होने पर बेमेतरा जु जित्सु एसोसिएशन के सचिव शिवदयाल पाटिल और कोच रूपेंद्र सिंह चंदेल ने हर्ष व्यक्त किया एवं शुभकामनाएं दी।

### नवाचारी शिक्षिका हिमकल्याणी को राज्यपाल करेंगे सम्मानित



**बेमेतरा।** शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को शिक्षा के क्षेत्र में दिए जाने वाले प्रदेश का सर्वोच्च पुरस्कार राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करने वाले शिक्षकों की सूची में बेमेतरा जिले के दो शिक्षकों का भी नाम शामिल है। सूची में से शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखण्ड साजा में प्रधान पाठक के पद पर पदोन्नति होकर कार्यभार ग्रहण करने वाली नवाचारी शिक्षिका हिम कल्याणी सिन्हा और बेरला विकासखंड के शासकीय हाई स्कूल लावातरा के कर्मठ व्याख्याता भुवन लाल साहू के नाम शामिल हैं। उन्हें राज्यपाल महोदय 5 सितंबर को राज्यपाल पुरस्कार से अलंकृत करेंगे। इन दोनों शिक्षकों के नाम की घोषणा पिछले वर्ष राज्यपाल पुरस्कार के अवसर पर की गई थी। यहां यह उल्लेखनीय है कि शिक्षिका हिमकल्याणी सिन्हा 75 फीसदी दिव्यांग हैं। इसके बावजूद वह हर कार्य को बहुत लगन से ▶▶ शेष पेज 11 पर

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

HCC Hearing Care Center IS NOW हिअरज़ॅप™

निःशुल्क बहरापन जांच एवं परामर्श शिविर

हम आपको सुनने में मदद करने के लिए यहां हैं



दिनांक : 28- 31 अगस्त 2024,
समय: प्रातः 10:30 बजे से, शाम 7:00 बजे तक

PHILIPS REXTON
HEARING AIDS AVAILABLE

▶ श्रवण यंत्र पर भारी छूट
▶ कोक्लियर इम्प्लांट (परामर्श)
▶ स्पीच थेरेपी

Google Rating ★★★★☆ | PHILIPS Authorized dealer
#UNMUTETHEWORLD
9659 455 455

रायपुर- विमला सदन, फव्वारा चौक, छत्तीसगढ़ कॉलेज के पास, बैरन बाजार, रायपुर (छ.ग.)
रायपुर- कृष्णा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग)
भिलाई - इथीराज टावर्स, सुपेला, भिलाई (छ.ग)
बिलासपुर - अम्बे बिजनेस सेंटर, LIC बिल्डिंग(मुख्य शाखा) के सामने, मगरपारा रोड, बिलासपुर (छ.ग)
जगदलपुर - बिनाका मॉल के सामने, चित्रकोट रोड, जगदलपुर (छ.ग)
कोरबा - ब्लू बड्र्स स्कूल के पास, निहारिका कोरबा (छ.ग)
अंबिकापुर - मनोज डायग्नोस्टिक सेंटर के ऊपर, अंबिकापुर (छ.ग)

Khanna

# ओपीएस का विकल्प चुनने वाले 97 प्रतिशत शासकीय सेवक, अब यूपीएस का क्या होगा तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्र सरकार द्वारा शासकीय सेवकों के लिए एक नई पेंशन योजना यूपीएस यानी यूनाइडेट पेंशन योजना लागू कर दी गई है, लेकिन छत्तीसगढ़ के लिहाज से यह सवाल अहम है कि राज्य में यह योजना लागू होगी या नहीं। इस संबंध में खास बात ये है कि राज्य के 97 प्रतिशत शासकीय सेवक अपने लिए पुरानी पेंशन योजना का विकल्प चुन लिए हैं। दूसरी ओर राज्य सरकार की ओर से संकेत मिल रहे हैं, जिसमें कहा जा रहा है कि इस पर अभी विचार नहीं किया गया है। यानी यूपीएस योजना फिलहाल राज्य में लागू होगी या नहीं। सवाल बना हुआ है कि यूपीएस योजना का राज्य में क्या होगा?

### छत्तीसगढ़ में ओपीएस का बोलबाला

इधर छत्तीसगढ़ की बात की जाए तो पिछली कांग्रेस सरकार ने यहां ओपीएस लागू करने का प्रावधान किया था। बाद में सरकार ने अधिकारियों कर्मचारियों से पेंशन योजना चुनने का विकल्प मांगा था। राज्य के 97 प्रतिशत कर्मियों ने ओपीएस का विकल्प चुना था। इसके बाद प्रदेश में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार बनने के बाद पेंशन योजना के सवाल पर अब तक कोई निर्णय नहीं लिया गया। इसी आधार पर माना जा रहा है कि यहां ओपीएस लागू है। इसमें फिलहाल कोई बदलाव नहीं किया गया है। जानकारों की मानें तो केंद्र सरकार ने यूपीएस के लिए राज्यों के समक्ष कोई बाध्यता नहीं रखी है। यह राज्यों के उपर छोड़ा है कि वे इसे अपने यहां लागू करें या नहीं। अभी केवल महाराष्ट्र सरकार ने कैबिनेट की बैठक कर यूपीएस लागू करने का फैसला किया है।

### यूपीएस के हैं ये फायदे

**सुनिश्चित पेंशन :** 25 वर्ष की न्यूनतम अर्हक सेवा के लिए सेवानिवृत्ति से पहले अंतिम 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत। यह वेतन न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि तक कम सेवा अवधि के लिए आनुपातिक होगा।
**सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन :** कर्मचारी की मृत्यु से ठीक पहले उसकी पेंशन का 60 प्रतिशत।
**सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन :** न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10,000 रुपये प्रति माह।

### महंगाई सूचकांक

**सुनिश्चित पेंशन पर, सुनिश्चित पारिवारिक पेंशन पर और सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन पर**
औद्योगिक श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (एआईसीपीई-आईडब्ल्यू) के आधार पर महंगाई राहत, सेवा कर्मचारियों के मामले में सेवानिवृत्ति के समय एकमुश्त भुगतान, ग्रेच्युटी के अतिरिक्त, सेवानिवृत्ति की तिथि पर मासिक परिलब्धियों (वेतन + डीए) का 1/10वां हिस्सा, सेवा के प्रत्येक पूर्ण छह महीने के लिए, इस भुगतान से सुनिश्चित पेंशन की मात्रा कम नहीं होगी।

### लंबी खींचतान के बाद बनी है नई योजना

देश में पिछले कुछ साल से नई पेंशन योजना(एनपीएस) और पुरानी पेंशन योजना(ओपीएस) को लेकर विवाद की स्थिति बनी हुई है। यह विवाद उस समय गहराया था, जब राजस्थान की पिछली कांग्रेस सरकार ने राज्य में ओपीएस योजना लागू करने की बात शुरु की थी, और इसे लागू भी किया था। इसी क्रम में कांग्रेस शासित छत्तीसगढ़ में पिछली सरकार ने ओपीएस लागू करने की पहल शुरु कर दी थी। इसके बाद कुछ और राज्यों ने ओपीएस पर जोर देना शुरु किया। इसके बाद केंद्र सरकार यूपीएस योजना लेकर आई है।

## खबर संक्षेप

### सिंधी समाज ने तेलीबांधा में मनाया थदड़ी पर्व



**रायपुर।** सिंधु संस्कार सेवा समिति की महिला विंग द्वारा एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन पूज्य सिंधी पंचायत भवन तेलीबांधा में किया गया। कार्यक्रम की विशेषता यह रही कि इसमें विश्व की सबसे छोटी महिला ज्योति आमगे, जिन्हें गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज किया गया है, को आमंत्रित किया गया। ज्योति की लंबाई मात्र दो फीट है। उनकी उपस्थिति ने इस कार्यक्रम को और भी खास बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी आनंद कुकरेजा ने अपने उद्बोधन में थदड़ी पर्व के महत्व पर प्रकाश डाला।
विशेष अतिथि पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी, पार्षद अजीत कुकरेजा, पूज्य सिंधी पंचायत रविग्राम के अध्यक्ष बसंत कुकरेजा, भारतीय सिंधु सभा के संरक्षक अशोक नैनवानी आदि ने समाज के लोगों को इस प्रकार के आयोजनों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष डिंपल शर्मा ने की और अपने भाषण में संस्था के उद्देश्य को स्पष्ट किया। इस आयोजन में चार प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। जिनमें डांस, जोड़ी नंबर वन, रैंपवॉक और ब्राइडल मेकअप शामिल रहे।

### नाले में गिरा सांड, निगम अमले ने सुरक्षित निकाला



**रायपुर।** हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 1 सड्डू की कालोनी में सोमवार को नाले में 1 सांड गिर गया। आसपास के इलाके के रहवासियों ने सांड को बाहर निकालने निगम अमले की मदद मांगी। जानकारी मिलते ही जोन 9 की टीम जेसीबी मशीन और काउकेचर लेकर स्पॉट पर पहुंची। श्रमवीरों की मदद से नाले में गिरे सांड को बड़ी मुश्किल से रस्सी का फंदा बनाकर जेसीबी मशीन के सहारे खींचकर नाले से सुरक्षित बाहर निकाला। सोमवार की सुबह हाउसिंग बोर्ड सेक्टर - 1 सड्डू कॉलोनी क्षेत्र के नाले में हट्टा कट्टा सांड के अचानक गिरने से रहवासी हड़बड़ा गये। इसकी जानकारी उन्होंने मोवा स्थित जोन 9 दफ्तर में दी। सूचना मिलने पर जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने जोन की टीम को स्पॉट पर भेजा। टीम ने जेसीबी मशीन और श्रमवीरों की मदद से नाले में गिरे सांड को बड़ी मशक्कत के बाद रस्सी का फंदा बनाकर सुरक्षित रूप से बाहर निकाला। कार्यपालन अभियंता केके शर्मा, सहायक अभियंता पद्माकर श्रीवास, अंशुल शर्मा, जोन स्वास्थ्य अधिकारी आदिव्य हजारी, स्वच्छता निरीक्षक भोला तिवारी की उपस्थिति में काउकेचर टीम ने सांड को नाले से बाहर निकाला। रहवासियों ने इस कार्य के लिए निगम के टीम की सराहना की।

### भनपुरी में विकास कार्यों के लिए किया भूमिपूजन

**रायपुर।** भनपुरी के यतियतन लाल वार्ड क्रमांक 4 में विधायक मोतीलाल साहू की स्वीकृति से 2,23,74,000 रुपए की लागत से सड़क और नाली के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। गोवर्धन नगर में लंबे समय से सड़क, नाली और बिजली खंबों की व्यवस्था नहीं होने के कारण स्थानीय जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। जनता के अथक प्रयासों से यह कार्य संभव हो पाया है। सुमित्रा जितेंद्र साहू ने वार्ड के विकास के लिए किए गए संघर्ष की जानकारी देते हुए कहा कि छोटी-छोटी जनसुविधाओं के लिए वार्डवासियों को बहुत भटकना पड़ा। उन्होंने दरी तालाब के अंदर पार्षद निवास के पीछे अवैध निर्माण कार्य और गंगानगर, भनपुरी बाजार में कम रोशनी के कारण सब्जी बेचने वाले व्यापारियों को हो रही समस्याओं का जिक्र किया। कम रोशनी के कारण व्यापारियों को हर कनेक्शन पर 40 रुपए लाइट किराया देना पड़ रहा है।

## किसानों को भुगतना पड़ सकता है इसका दुष्परिणाम

# 15 दिन में लैब रिपोर्ट देने का नियम, कई हफ्ते-महीने लग रहे, इसलिए बाजार में बिक रहा अमानक फर्टिलाइजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कीटनाशक दवाओं की जांच के लिए कृषि विभाग द्वारा लिए गए करीब दो सौ सैंपल में 77 की लैब रिपोर्ट अब तक नहीं आ पाई है। वैसे लैब से 15 दिनों के भीतर रिपोर्ट देने का नियम है, लेकिन टेस्टिंग में ही कई हफ्ते-महीने लग रहे हैं, जिससे लैब से समय पर रिपोर्ट विभाग तक नहीं पहुंच पा रही है। इसका दुष्परिणाम किसानों को भुगतना पड़ सकता है। जितने कीटनाशक दवाओं की सैंपल रिपोर्ट नहीं आ पाई है, उससे संबंधित लॉट की कई दवाइयां कृषि केंद्रों के माध्यम से किसानों द्वारा खरीदी जा चुकी हैं। इनमें से कई किसान निंदाई के दौरान फसलों पर इसका छिड़काव भी कर रहे हैं, जबकि सैंपल रिपोर्ट नहीं आने के कारण यह पता नहीं चल पाया है कि टेस्टिंग में दवाइयां मानक हैं या फिर अमानक। अगर रिपोर्ट अमानक पाई जाती है, तो इससे दवाओं का फसलों पर बुरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे किसानों को बड़ी क्षति भी हो सकती है।



### जून में भेजे गए थे सैंपल

बारिश के मौसम में खेतों में धान सहित फसलों की सिंचाई, रोपाई के बाद अब निंदाई का काम शुरू हो गया। फसलों को कई किस्म की बीमारी से बचाने के लिए किसान विविध ब्रांड के कीटनाशक दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। तीजा-पोला पर्व के बाद निंदाई के काम में और तेजी आएगी। इसके लिए किसानों द्वारा कृषि विक्रय केंद्रों से कई ब्रांड की कीटनाशक दवाओ की खरीदी की जा रही है। इन्हीं दवाओ में से कई दवाओं के सैंपल लेकर कृषि विभाग ने जांच के लिए जून माह में लैब भेजे थे, जिनमें से 77 सैंपलों की रिपोर्ट अब तक नहीं आ पाई है। इधर रिपोर्ट आने तक दवाइयों की बिक्री पर रोक नहीं लगाई गई है। इसके कारण कृषि केंद्रों में इस लॉट की कीटनाशक दवाइयां धड़ल्ले से बिक रही हैं। इस मामले में विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सैंपल की रिपोर्ट अमानक पाए जाने पर ही बिक्री पर रोक लगाई जा सकती है।

### मई में भेजे गए 4 सैंपल की रिपोर्ट भी लंबित

लैब में भेजे गए सैंपल में जिनकी रिपोर्ट अब तक नहीं आई है, उनमें 4 सैंपल मई के भी शामिल हैं। इन सैंपल की रिपोर्ट तीन माह बाद भी विभाग को नहीं मिल पाई है। इस तरह लैब में टेस्टिंग का काम कछुए गति से चल रहा है।

### बीज के दो सैंपल की जांच भी अटकी

विभागीय कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार धान बीज के सैंपलों को भी हर साल टेस्टिंग के लिए लैब भेजे जाते हैं। इस बार भी करीब 150 बीज के सैंपल टेस्टिंग के लिए भेजे गए थे। इनमें से 2 सैंपल की रिपोर्ट अब तक विभाग को नहीं मिला है।

### रिपोर्ट जल्दी भेजने लेटर जारी

लंबित सैंपलों की जांच जल्द कर रिपोर्ट भेजने के लिए लैब प्रभारी को लेटर जारी किया गया है। रिपोर्ट आने पर ही मानक और अमानक का पता चल पाएगा। अमानक मिलने पर सैंपल से संबंधित ब्रांड के लॉट की बिक्री पर रोक लगाने की कार्रवाई की जाएगी।
- राजेंद्र कश्यप, उप संचालक कृषि विभाग रायपुर

# 13 हजार राशन दुकानों में स्टॉक वितरण रजिस्टर का अता पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



खाद्य विभाग में करोड़ों रुपए के राशन घोटाले में विधानसभा समिति के सामने कई खुलासे हो रहे हैं। घोटाले की जांच में यह पाया गया कि 13 हजार राशन दुकानों का घोषणा पत्र, जिसमें राशन सामग्री की बचत जानकारी थी, पोर्टल से गायब करा दिया गया। जानकारी मिली है कि घोटाले को अंजाम देने के लिए खाद्य संचालनालय के अफसरों ने छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2017के नियम का ही पालन तेरह हजार राशन दुकानों के संचालकों से नहीं करवाया, ताकि राशन सामग्री का पता ही चल न सके।

छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2017 के अध्यादेश की धारा 5(11) में ये उल्लेख है कि प्रत्येक राशन दुकान में स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर रहेगा। इन रजिस्टर का प्रारूप खाद्य संचालक द्वारा विहित किया जाएगा। 2020 से लेकर आज तक संचालक खाद्य के सामने स्टॉक रजिस्टर और वितरण रजिस्टर का प्रारूप बना कर नहीं रखा है। दूसरी तरफ मैदानी अमले पर दबाव बना कर राशन दुकानों की जांच कर स्टॉक और वितरण रजिस्टर न होने की स्थिति में केस बनाने का दबाव डाला जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि अरबों रुपए के राशन घोटाले के संबंध में जांच समिति की ओर से खाद्य मंत्रालय से 16 बिंदुओं पर जानकारी मांगी गई थी। बस्तर और सरगुजा संभाग के फूड अफसरों की बैठक में खाद्य संचालनालय के दोषी अधिकारी खुद को बचाने के लिए दबाव बनाने का प्रयास कर रहे हैं। सभी संभाग जिलों के अधिकारियों से कहा गया है कि पूरी जानकारी भेजने के बाद समिति आगे इस मामले में निर्णय लेगी।

### गड़बड़ी वाली दुकानों की जांच पर जोर

सूत्रों ने बताया है कि संचालनालय में घोटाले का दोषी अधिकारी जूम वीडियो कांफ्रेंसिंग कर नियम विपरीत बाजार से घटिया चावल खरीद कर स्टॉक बराबर करने का काम किया है। विधान सभा सचिवालय के द्वारा 2022 से 2024 की अवधि में निलंबित और एफआईआर कराए जाने वाले राशन दुकानों की विस्तार से जानकारी मांगी है। ये भी जानकारी मांगी गई है कि राशन दुकानों को दो माह का कोटा देने के बाद तीसरे महीने कोटा किस आधार पर दिया गया।

# एमसीएच कालीबाड़ी में बनेगा माड्यूलर ओटी, मरीजों को लिफ्ट की सुविधा भी

### तीन महीने में काम पूरा करने की कवायद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रसव सहित अन्य समस्याओं के लिए की जाने वाली सर्जरी अब माड्यूलर ओटी में पूरी होगी। मातृ एवं शिशु चिकित्सालय कालीबाड़ी में माड्यूलर ऑपरेशन थियेटर का निर्माण अगले तीन माह में पूरा किया जाएगा। इसके अलावा वहां आने वाले गंभीर मरीजों के उपयोग के लिए लिफ्ट भी लगाई जाएगी।

वर्तमान में जिला अस्पताल कालीबाड़ी में तीन ऑपरेशन थियेटर हैं, जिनकी मदद से सीजर प्रसव सहित अन्य सर्जरी की प्रक्रिया पूरी की जाती है। मरीजों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए हुए यहां माड्यूलर ओटी बनाने की जरूरत महसूस हो रही थी। पिछले दिनों स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल निरीक्षण के लिए एमसीएच कालीबाड़ी पहुंचे तो यहां के चिकित्सकीय स्टाफ ने उन्हें इससे अवगत कराया था। मंत्री ने अगले तीन माह में यहां माड्यूलर ओटी बनाने का काम पूरा करने के निर्देश दिए हैं। चिकित्सकों का कहना है कि ऑपरेशन थियेटर के माड्यूलर होने के बाद और सुरक्षित तरीके से ऑपरेशन किया जा सकेगा। इसके अलावा एमसीएच में आने वाले गंभीर और गर्भवती मरीजों की आवाजाही के लिए लिफ्ट लगाने का काम भी जल्द ही प्रारंभ किया जाएगा। अस्पताल में मरीज और उनके परिजनों की सुविधा का ध्यान रखते हुए कैंटीन भी शुरू करने की योजना बनाई जा रही है।

# छत्तीसगढ़ में धान की बुवाई 100 फीसदी, अब शुरू हुई गिरदावरी, बढ़ सकता है रकबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में इस साल खरीफ सीजन के धान की बुवाई सौ प्रतिशत हो गई है। साथ ही राज्यभर में राजस्व विभाग द्वारा फसलों की गिरादवरी का काम शुरू हो गया है। गिरदावरी की प्रक्रिया के दौरान ये जानकारी आ रही है, इस साल धान का रकबा पिछले साल के मुकाबले बढ़ सकता है। वजह ये है कि राज्य में धान की कीमत सबसे अधिक 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रही है। यही कारण है कि जिन किसानों ने पिछले साल अपने खेत में धान नहीं बोया था, वे भी इस बार धान लगा चुके हैं।

राजस्व विभाग के सूत्रों के मुताबिक पूरे प्रदेश में पटवारी अपने-अपने हल्का क्षेत्र में फसलों की गिरदावरी के काम में लग गए हैं। ये काम अगस्त से शुरु हुआ है। संभावना है कि राज्य भर में गिरदावरी का काम सितंबर के पूरे महीने में चलेगा। बताया गया है कि पटवारी गिरदावरी का काम मैन्युअल और ऑनलाईन दोनों सिस्टम से कर रहे हैं। किसानों के खातों में यह दर्ज किया जा रहा है कि उनके पास कुल जमीन में कितने रकबे में धान या अन्य कोई फसल लगाई गई है। राज्य में खरीफ सीजन में सबसे अधिक खेती धान की की जाती है।

### पूरे प्रदेश में पटवारी कर रहे हैं गिरदावरी



### बढ़ सकता है धान का रकबा

छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 2712.63 हेक्टेयर रकबे में धान की बुवाई हो चुकी है। पिछले साल 2676 .53 हेक्टेयर में धान बोया गया था। यह बुवाई धान की सीधी बोवाई के माध्यम से हुआ है। राज्य में धान का रोपा 1152.46 हेक्टेयर रकबे में लगाया गया है। इस तरह कुल मिलाकर 3865.09 हेक्टेयर में धान की बुवाई हो चुकी है। यह लक्ष्य का सौ प्रतिशत है। पिछले साल इसी अवधि में 3747.25 हेक्टेयर में धान की बुवाई हुई थी। दूसरी ओर राजस्व विभाग के सूत्रों का कहना है कि इस साल धान का रकबा बढ़ सकता है। वजह ये है कि राज्य में धान की सबसे अधिक कीमत 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रही है। इस हिसाब से प्रति एकड़ धान की कीमत 65 हजार रूपए से अधिक होती है।

### पिछले साल नहीं बोने वाले भी ले रहे हैं फसल

इधर रायपुर से लगे अभनपुर क्षेत्र से मिल रही जानकारी के अनुसार जिन किसानों ने पिछले साल अपनी खेतों में धान नहीं लगाया था, वे भी इस साल धान लगाए हैं। ऐसे किसान पटवारियों से मिलकर उन्हें जानकारी दे रहे हैं कि कितने रकबे में धान लगाया है। ये किसान पटवारियों से रिकार्ड में सुधार करवा रहे हैं। दरअसल जो किसान एक साल भी धान नहीं बोते है, उनकी जमीन के रिकार्ड में पड़त जमीन लिख दी जाती है। ऐसे में संबंधित किसानों का धान बेचने के लिए पंजीयन भी नहीं किया जाता है।

## प्रदेश संगठन को बनाने हैं 50 लाख सदस्य, सभी राज्यों को अलग-अलग लक्ष्य

# पूरा साय मंत्रिमंडल, सांसद, विधायक, भाजपा के बड़े नेता भी जाएंगे सदस्यता अभियान के लिए बूथों तक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के सदस्यता अभियान का आगाज अगले माह से होगा। सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा दो सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसके बाद अगले दिन से राज्यों में अभियान प्रारंभ होगा। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय तीन सितंबर को सदस्यता लेंगे। इसी के साथ प्रदेश में सदस्यता अभियान प्रारंभ होगा। इस अभियान में सबसे बड़ी बात यह है कि प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार के सभी मंत्री, विधायक, सांसद सहित प्रदेश भाजपा, जिलों के पदाधिकारी भी



बूथों तक जाएंगे। हर छोटे से बड़े नेता को बूथों तक जाकर अभियान में सहभागिता निभानी है। सभी नेता अपने-अपने हिसाब से समय देंगे। प्रदेश में 50 लाख सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने पहली बार बड़ा फैसला लेते हुए अपनी पुरानी 18 करोड़ सदस्यों की सदस्यता को रद्द करते हुए सभी को 2024 से नया सदस्य बनाने का फैसला किया है। इसके लिए पूरी योजना तैयार हो गई है। देश भर में पुराने सदस्यों के साथ नए दस करोड़ सदस्य भी बनाने हैं। इसके लिए सभी राज्यों को अलग-अलग लक्ष्य दिया गया है। यह लक्ष्य राष्ट्रीय संगठन ने नहीं दिया है, बल्कि राज्यों को खुद तय करने के लिए कहा है। राज्यों के छोटे-बड़े के हिसाब से सदस्यता तय की जा रही है। जहां एक तरफ छत्तीसगढ़ में पुराने और नए सदस्यों को मिलाकर 50 लाख का आंकड़ा पूरा करना है, वहीं पड़ोसी राज्य में मप्र में डेढ़ करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य है।

### पूरा फोकस बूथों पर


भाजपा का हमेशा से बूथों पर ही फोकस रहता है, चाहे वह चुनाव की बात हो या फिर सदस्यता अभियान की। इस बार सदस्यता अभियान के लिए भी बूथों पर पूरा फोकस है। बूथों में 6 सितंबर से अभियान प्रारंभ होना है। बूथों तक मुख्यमंत्री से लेकर प्रदेश के मंत्री, सांसद, विधायक, प्रदेश के बड़े नेताओं को भी बूथों तक जाने के लिए राष्ट्रीय संगठन के निर्देश हैं। ऐसे में सभी से कहा गया है कि वे देख लें कि किनको कहां जाना है। इसके लिए कोई तिथि तय नहीं है, सभी अपने कार्यक्रमों के हिसाब से समय निकालकर जाएंगे। सांसदों को जहां 20-20 हजार सदस्य बनाने के लिए कहा गया है, वहीं विधायकों को दस-दस हजार सदस्य बनाने हैं। चाहे तो कोई इससे भी ज्यादा सदस्य बना सकते हैं। प्रदेश के मंत्रियों को भी विधायक होने के नाते दस-दस हजार सदस्य ही बनाने हैं। प्रदेश के मंत्रियों को जिलों में भी सदस्यता अभियान के प्रारंभ में जाने के लिए कहा गया है। जिलों का अभियान चार सितंबर से प्रारंभ होगा। इसके बाद पांच सितंबर को मंडलों और अंत में 6 सितंबर से लगातार बूथों में सदस्यता अभियान चलेगा। यह 25 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद फिर से 1 अक्टूबर से लेकर 31 अक्टूबर तक कार्यक्रम चलेगा।

### रोटरी क्लब ने किया एम. राजीव का सम्मान




**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित एक निजी होटल में रोटरी क्लब ऑफ रायपुर कैपिटल के गठन का सिल्वर जुबली समारोह आयोजित किया गया। साथ ही साधनहीन बच्चों को प्रतियोगी परीक्षाओं की निस्वार्थ भाव से कोचिंग उपलब्ध कराने वाली युवा संस्था के संस्थापक एम. राजीव को रोटरी इंटरनेशनल संस्था के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अखिल मिश्रा ने सम्मानित किया। सम्मान ग्रहण करते हुए एम. राजीव ने उपस्थित लोगों को बताया कि आज के इस व्यावसायिकता के दौर में शिक्षा आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों की पहुंच से कोसों दूर है। इसी को ध्यान में रखते हुए उन्होंने विगत 24 वर्ष पूर्व युवा संस्था की स्थापना की थी।

## खबर संक्षेप



### छतौना में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**रायपुर।** छतौना के सभी ग्रामवासियों ने मिल-जुलकर धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। इस अवसर पर ग्रामवासियों द्वारा रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया। मध्यरात्रि से ही समस्त ग्रामवासियों ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर पूजा-अर्चना की और ग्राम के चहुंमुखी विकास के लिए प्रार्थना की। उत्सव में गांव के यदुवंशियों, बच्चों और युवाओं ने कुछ दिन पहले ही मंदिर प्रांगण की साफ-सफाई और साज-सज्जा का कार्य कर लिया था। मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ था। पर्व को सुव्यवस्थित ढंग से मनाने के लिए ग्राम छतौना के समस्त ग्रामवासियों का काफी योगदान रहा।

### बेटी बचाओ मंच ने मनाई जन्माष्टमी



**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच टिकरापारा की महिलाओं ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया। इसी दौरान महिलाओं ने आपस में एक-दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा शहर महासचिव अंजली यदु की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में राधा-कृष्ण की झांकी के रूप में बच्चों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। कृष्ण और राधा के बालरूप के साथ थिरकती महिलाओं ने ब्रज व वृंदावन का एहसास कराया। प्रदेश अध्यक्ष श्री मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण के तस्वीर की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उपस्थित महिलाओं को सुहाग के प्रतीक के रूप में मंच द्वारा चूड़ी, सिंदूर, बिंदी, आलता भेंट किया गया। कार्यक्रम में विशेष रुप से ललित मिश्रा, अंजली यदु, लता चंद्राकर, रूपा यदु, आशा धीवर, किरण कर्ष, सुप्रिया धुवारे, नीतू साहू, रीना ठाकुर सहित पदाधिकारी व सदस्य शामिल हुए।

### जरूरतमंदों के लिए कटोरा तालाब में स्वास्थ्य केंद्र

**रायपुर।** संत कंवरराम सेवा संकल्प संस्था द्वारा चिकित्सकीय जरूरतमंदों के लिए सिंधु डॉक्टर फोरम के वरिष्ठ चिकित्सकों के सहयोग से चैरिटेबल स्वास्थ्य केंद्र का शुभारंभ गली नंबर-2 कटोरा तालाब में किया गया है। संस्था प्रमुख अमित जीवन व किशोर आहूजा ने बताया कि इस चिकित्सा केंद्र में 10 रुपए के नाममात्र शुल्क पर प्रतिदिन उपलब्ध चिकित्सक द्वारा मरीजों की जांच, मुफ्त दवाएं, ड्रेसिंग, इंजेक्शन, ग्लूकोज आदि की सेवाएं प्रदान की जाएंगी। उन्होंने ये भी बताया कि किसी प्रकार की उच्च चिकित्सा आवश्यकता होने पर उपस्थित चिकित्सक द्वारा मरीज को शहर के 11 प्रमुख चिकित्सालयों में एवं किडनी, दंत, हृदय, स्त्रीरोग, मनोरोग, नेत्ररोग तथा फिजियोथैरेपिस्ट, होमियोपैथी, आयुर्वेदिक के विशेषज्ञ चिकित्सक के परामर्श तथा इलाज के लिए रेफर किया जाएगा, प्लास्टिक सर्जरी, ईसीजी, ईको, एमआरआई, हार्ट जांच, सोनोग्राफी, गायनिक जांच आदि के शुल्क में 50 प्रतिशत तक की छूट प्रदान की जाएगी।

# 28 साल बाद रवि भवन के व्यापारियों को अपनी बिजली मिलने का खुला रास्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

**खास खबर**

राजधानी के रवि भवन के व्यापारियों को 28 साल बाद अब जाकर अपनी बिजली नसीब होने वाली है। बीते साल व्यापारियों की बिजली से रवि भवन के रोशन होने का रास्ता खुला, लेकिन सालभर होने के बाद भी जब पॉवर कंपनी ने व्यापारियों को न तो डिमांड नोट दिया है और न ही ट्रांसफार्मर एवं अन्य खर्च का एस्टीमेट दिया, तो व्यापारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मिलकर गुहार लगाई। इसके बाद अब पॉवर कंपनी के अधिकारी हरकत में आए हैं और व्यापारियों को कनेक्शन दिए जाने की दिशा में काम हो रहा है। व्यापारियों को अब एस्टीमेट और डिमांड नोट का इंतजार है। संभावना है कि यह जल्द मिल जाएगा और पैसा जमा करने के बाद प्रक्रिया प्रारंभ होगी।

रवि भवन में अब तक भवन बनाने वाले बिल्डर के नाम से ही एक एचटी कनेक्शन है, जिसमें से सभी व्यापारियों को कनेक्शन दिए गए हैं। ऐसे में व्यापारियों को बिजली करीब 13 रुपए यूनिट मिलती है, लेकिन अपने कनेक्शन लगने से बिजली सात से आठ रुपए में मिलने लगेगी। रवि भवन के 1996 में बनने के बाद से इसमें दुकानें लेने वाले व्यापारी अपने बिजली कनेक्शन से वंचित हैं। बिल्डर ने भवन का निर्माण करने के समय जो अस्थाई एचटी कनेक्शन लिया था, उसको बाद में स्थाई करा लिया और जिन भी व्यापारियों को दुकान बेची गईं, उनको सब मीटर लगाकर कनेक्शन दे दिए गए। शुरुआत में तो किसी व्यापारी को इसका नुकसान समझ नहीं आया, लेकिन बाद में जब इसका नुकसान समझ आया तो व्यापारियों ने अपने कनेक्शन लेने के लिए पहल की।

## अब पॉवर कंपनी से एस्टीमेट और डिमांड नोट मिलने का इंतजार

### 20 साल से संघर्ष

रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष जय नानवानी के मुताबिक, 20 साल से अपने कनेक्शन के लिए संघर्ष चल रहा है। सबसे पहले 2002 में शिव ग्वालानी रवि भवन व्यापारी संघ के अध्यक्ष बने तो उन्होंने ही इस दिशा में पहल की। उसके बाद से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। हमारा संघ बिजली नियामक आयोग में भी गया। आयोग ने भी माना कि कोई बिल्डर इस तरह से कनेक्शन नहीं दे सकता। इसी के साथ आयोग ने यह भी कहा, ऐसा और कहीं न हो, इसका पॉवर कंपनी को ध्यान रखना चाहिए।



### अब कनेक्शन मिलने की संभावना

मुख्यमंत्री द्वारा अधिकारियों और कलेक्टर को निर्देश देने के बाद काम आगे बढ़ा है। संभावना है कि जल्द ही एस्टीमेट का डिमांड नोट मिलेगा और हम लोग पैसा जमा कर देंगे तो कनेक्शन मिल जाएंगे।

*- जय नानवानी, अध्यक्ष, रवि भवन व्यापारी संघ*

### लगने हैं नए ट्रांसफार्मर

रवि भवन में बिल्डर का एक पांच सौ किलो वाट का ट्रांसफार्मर लगा है। इसे बिल्डर ने पॉवर कंपनी को देने का सहमतिपत्र तो दे दिया है, लेकिन यह ट्रांसफार्मर काम नहीं आएगा। ऐसे में दो-दो सौ किलोवॉट के पांच नए ट्रांसफार्मर लगेंगे। इसके लिए व्यापारियों ने चार स्थान भी पॉवर कंपनी को दे दिए हैं। इन स्थानों पर ट्रांसफार्मर लगने के बाद सबको अलग-अलग कनेक्शन मिलेंगे। भवन में करीब चार सौ व्यापारियों की दुकानें हैं।


### अब तक 8 करोड़ से ज्यादा का फटका

रवि भवन में हर माह एक लाख यूनिट बिजली की खपत होती है। व्यापारियों के मुताबिक, उनको जो ज्यादा पैसे देने पड़ते हैं, वो साल के करीब 30 लाख होते हैं। ऐसे में 28 साल में अब तक आठ करोड़ से ज्यादा अतिरिक्त हम लोग दे चुके हैं। रवि भवन के बाहर हमारे आसपास के व्यापारियों को जहां 400 यूनिट बिजली के 32 से 33 सौ रुपए देने पड़ते हैं, वहीं हमें 51 सौ रुपए लगते हैं। ज्यादा बिजली की खपत पर और ज्यादा पैसा लगता है।

## आयोजन : नवागढ़ में श्रद्धा व आस्था के साथ मनाई गई जयंती

# बलिदानी राजा गुरु बालक दास जी जयंती पर जुटा सतनामी समाज, संतों का लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



सतनाम धर्म के प्रवर्तक प्रातः स्मरणीय परम पूज्य महान संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास जी के द्वितीय पुत्र महान प्रतापी बलिदानी राजा गुरु बालक दास जी की 223वीं जयंती नवागढ़ सतनामी समाज के नेतृत्व में नवागढ़ थाना के ठीक सामने जोड़ा स्तंभ सतनाम भवन में सतनामी समाज के वरिष्ठ जनों की गरिमा में उपस्थिति में प्रदेश स्तरीय राजा गुरु धर्म गुरु गुरु बालक दास साहेब का जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सर्वप्रथम बाबा गुरु घासीदास जी की प्रतिमा के समक्ष राजा गुरू धर्म गुरु बालकदास साहेब जी गुरु गद्दीनसीन गुरुद्वारा भंडारपुरी धाम व जीवतारणहार गुरू गुरू सोमेश बाबा जी संस्थापक सतनाम आध्यात्मिक शक्ति परिवार अध्यक्ष कुआं खुडियाडिह बोड़सरा धाम मेला विकास समिति तथा युवराज गुरु गुरु सौरभ साहेब जी प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ अखिल भारतीय सतनाम सेना ने प्रातः महान संत बाबा गुरु घासीदास व जोड़ा जय स्तम्भ की पूजा अर्चना कर श्री फल चढ़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। गुरु ने अपने आशीर्वाद वचन में समाज को संदेश देते हुए उच्च शिक्षा, तथा समाज को एकजुट रहने के साथ-साथ सतनाम व जोड़ा जयस्तंभ पर आध्यात्मिक शक्ति का विश्वास को अटल रखने की बात समाज के संतों को अपनी एकरूपता दिखाने के लिए बात कही। साथ ही ध्यान करते हुए समाज के आए संतों महंतों भंडारी साथी दरों को सत्य पुरुष की अपार शक्ति को महसूस कराया। साथ ही घर में प्रतिदिन इस तरीके की दैनिक योग साधना स्वरूप में गुरु स्मरण करने की क्रिया को गुरु अपने मुखारविंद से संतों को आशीर्वचन दिया। पूरे भारत वर्ष से सतनामी समाज के प्रमुख जन, राजमहंत, जिलामहंत, ब्लॉक महंत, सेक्टर महंत, अठगवा महंत, भंडारी, साटीदार, पंच प्रमुख सियान, राजनेता, मंत्री, विधायक, जिला पंचायत, जनपद, सरपंच, पंच सहित बड़ी संख्या में शामिल हुए। सतनाम सेना के नौजवान सिपाहियों की तैनाती में कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

### पंथी की धुन पर थिरकती रही युवाओं की टोली

नवागढ़ रेस्ट हाउस से पंथी दल तथा अखाड़ा व डीजे में पंथी धुन पर थिरकते समाज के युवाओं की टोली महिलाओं द्वारा आरती भजन करते हुए राजा गुरु धर्म गुरु बालदास साहब जी एवं जीव तारण हारी गुरु सोमेश बाबा जी व युवराज गुरु गुरु सौरभ साहब को स्वागत सम्मान किया। अखाड़ा का प्रदर्शन करते चौक चौराहे होते हुए कार्यक्रम स्थल पहुंचा।

### अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने वाले थे बाबा गुरु बालकदास : दीपेश



**बेमेतरा।** विधानसभा के ग्राम सोढ़ में सोमवार को क्रांतिकारी समाज सुधारक व सतनामी समाज के आंदोलन प्रेरणा स्रोत गुरु बालकदास की 219 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक दीपेश साहू थे। उन्होंने नवनिर्मित सांस्कृतिक रंग मंच का फीता काटकर लोकार्पण किया ।उन्होंने लोगों को बाबा गुरु बालकदास जयंती और कृष्ण जन्माष्टमी की बधाई दी। इस दौरान विधायक साहू ने कहा कि बाबा बालकदास अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने और न्याय करने वाले थे। उनके जीवन से हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। बाबा गुरु बालक दास जी ने जिस तरह सत्य और अहिंसा का मार्ग चुना, उसी तरह हम सबको सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलना है। इस दौरान बेरला जनपद अध्यक्ष प्रीतम चंदेल,कन्हैया सेन, पुरुषोत्तम यादव,सतनामी समाज के सामाजिक बंधु, सरपंच अश्वनी रूपेंद्र पाटिल सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद रहे।

# मोहल्ले में बेकरी फैक्ट्री संचालित गंदगी-बदबू से परेशानी, शिकायत के बाद निगम ने थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- भविष्य में गंदगी फैलाने पर जुर्माना लगाने के साथ फैक्ट्री सील करने की दी चेतावनी

राजधानी रायपुर के टिकरापारा क्षेत्र अंतर्गत सुदामा नगर में संचालित एक बेकरी फैक्ट्री के खिलाफ मोहल्ले वासियों ने कलेक्टोरेट जनदर्शन में शिकायत की है। लोगों ने शिकायत में बताया कि फैक्ट्री से निकलने वाली गंदगी को नाली और सड़कों पर फेंका जा रहा है।

इसके कारण मोहल्ले में गंदगी फैल रही है, जिससे उठने वाली बदबू से लोगों का सांस लेना मुश्किल हो रहा है। इस शिकायत पर जोन कमिश्नर ने फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी किया है, साथ ही भविष्य में गंदगी फैलाने पर जुर्माना लगाने के साथ फैक्ट्री सील करने की चेतावनी दी है।

शहीद ब्रिग्रेडियर उस्मान वार्ड क्रमांक 63 के सुदामा नगर में अमानत नाम से बेकरी फैक्ट्री संचालित है। इस फैक्ट्री में बड़ी संख्या में मजदूर कार्य करते हैं। फैक्ट्री में ब्रेड, केक सहित कई तरह की बेकरी सामग्री बनाई जाती है। इस फैक्ट्री के आसपास सैकड़ों घर हैं, जहां लोग निवासरत हैं।




यहां रहने वाले संदीप, कामिनी, नीता, दिनेश्वरी, गोलू विजय, खुशी सहित दो दर्जन से अधिक लोगों ने कलेक्टोरेट जनदर्शन में पहुंचकर इस फैक्ट्री के खिलाफ शिकायत की है।

शिकायत में कहा गया है कि फैक्ट्री में बेकरी की सामग्री बनाने के दौरान अंडे और केमिकल का उपयोग किया जाता है। सामग्री बनाने के बाद अपशिष्ट चीजों को नाली और सड़क पर डाल दिया जाता है, जिसके कारण पूरे मोहल्ले में बदबू फैल रही है। इस गंदगी के कारण बीमारी भी फैलने की संभावना है।

इस मामले में कलेक्टोरेट से जोन-6 कमिश्नर को जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। इस निर्देश पर जोन कमिश्नर ने संबंधित फैक्ट्री संचालक को नोटिस जारी किया है। इस नोटिस के साथ भविष्य में गंदगी फैलाने पर जुर्माना के साथ फैक्ट्री सील करने की चेतावनी भी दी है।

# मटकी फोड़कर हड़ताली कर्मचारियों ने धरनास्थल पर मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर प्रदेश के विभिन्न जगहों से आए वन विभाग के दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने मटकी फोड़कर धरना स्थल पर जन्माष्टमी का उत्सव मनाया। हड़ताली कर्मचारियों ने कृष्ण की भक्ति में सामूहिक रूप से भजन, कीर्तन किया और अपनी 9 सूत्रीय मांग को पूरा कराने अनूठे तरीके से शासन का ध्यान आकर्षित कराया। छत्तीसगढ़ दैनिक वेतनभोगी वन कर्मचारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 7 हजार दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी नियमितीकरण, स्थायीकरण, कार्यभारित आकस्मिकता सेवा नियम लागू करने सहित 9 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन धरने पर हैं। धरना प्रदर्शन में प्रदेश के सभी जिलों से दैनिक वेतनभोगी, वाहन चालक, कंप्यूटर आपरेटर, कार्यालय सहायक, दैनिक श्रमिक, सुरक्षा श्रमिक, तेंदूपत्ता गोदाम सुरक्षा श्रमिक इस हड़ताल में शामिल हैं। सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर हड़ताली कर्मचारियों ने पंडाल में ही मटकी फोड़ का आयोजन किया। इसमें महिला व पुरुष कर्मचारियों ने मिलकर मटकी फोड़ी। धरना स्थल पर कर्मचारियों की भजन मंडली ने कृष्ण जन्मोत्सव को लेकर सोहर गीत भी गाये।

# गुढ़ियारी में शराब पीने के विवाद पर हत्या, बदमाशों के गुट ने किया बवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



सरस्वतीनगर थाना क्षेत्र में छेड़खानी के विवाद पर दो गुटों में जमकर मारपीट

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में रविवार को शराब पीने के विवाद के दौरान एक युवक ने एक अन्य के सिर पर गमला पटक कर हत्या कर दी। एक अन्य मामले में गुढ़ियारी थाना क्षेत्र में आदतन बदमाश ने अपने साथियों के साथ जमकर उत्पात मचाते हुए घरों में तोड़फोड़ करने के साथ महिलाओं के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में छेड़खानी के विवाद पर दो समुदायों में जमकर मारपीट हुई। गुढ़ियारी में बदमाशों के उत्पात तथा छेड़खानी विवाद पर मारपीट का सीसीटीवी वीडियो सामने आया है। पुलिस के मुताबिक सूरज सिन्हा उर्फ वासू की हत्या के आरोप में भूपेंद्र यादव उर्फ भोपू को गिरफ्तार किया गया है। सूरज के साला गणेश वर्मा ने पुलिस को बताया है कि भूपेंद्र उसका दोस्त है। घटना दिनांक को वह अपने जीजा तथा दोस्त के साथ शराब पी रहा था। शराब पीने के दौरान भूपेंद्र के साथ गणेश का विवाद हो गया। विवाद के चलते भूपेंद्र, गणेश के साथ हाथापाई करने लगा। इस दौरान सूरज बीच-बचाव करने पहुंचा, तो भूपेंद्र ने गमला उठाकर सूरज के सिर पर पटक दिया। इसके बाद भूपेंद्र ने पास रखे फर्सी पत्थर से सूरज के सिर पर ताबड़तोड़ वार किया और मौके से फरार हो गया। गंभीर रूप से घायल सूरज को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार पूर्व में गंज शराब भट्टी में गणेश तथा भूपेंद्र का शराब पीने को लेकर विवाद हुआ था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच पुनः विवाद हुआ।

### छेड़खानी के विवाद पर जमकर चले हाकी-स्टिक

सरस्वीत नगर थाना क्षेत्र में युवती के साथ छेड़खानी के विवाद पर दो समुदायों ने एक दूसरे पर जमकर हाकी-स्टिक चलाने के साथ एक दूसरे पर पथराव किया। घटना की जानकारी मिलने पर दोनों पक्षों को पुलिस थाने लेकर पहुंची, तो दोनों पक्ष थाने के अंदर देर रात तक विवाद करते रहे। घटना के बाद पुलिस शंकर सोना तथा शहबाज खान के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

### दहशत फैलाने महिलाओं के साथ मारपीट

गुढ़ियारी थाना क्षेत्र के गोगांव में क्षेत्र के आदतन बदमाश आकाश साहू तथा देव प्रकाश साहू ने क्षेत्र में आतंक स्थापित करने अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर जमकर उत्पात मचाया। बदमाश आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के साथ मारपीट करते हुए उनकी दोपहिया तथा घरों में तोड़फोड़ करते हुए महिलाओं की साड़ी खींचने के साथ उनके साथ बदसलूकी की। घटना का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है, जिसमें बदमाश तलवार के साथ चाकू लहराते दिख रहे हैं।

## 30 अगस्त को भूमिपूजन

# अयोध्या में बनेगा 20 कमरों का सर्वसुविधा युक्त गोदड़ीधाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

- छत्तीसगढ़ से 500 श्रद्धालु आज व कल होंगे रवाना
- राममंदिर मार्ग के 10 मिनट के रास्ते पर 3 हजार वर्गफीट जगह पर होगा निर्माण

अयोध्या में 20 कमरों से सुसज्जित सर्वसुविधा युक्त गोदड़ीधाम बनेगा। वहां श्रद्धालुओं के लिए ठहरने व भोजन की निःशुल्क व्यवस्था रहेगी। इसके निर्माण के लिए भूमिपूजन 30 अगस्त को होगा। इस कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से 500 श्रद्धालु ट्रेन व हवाई मार्ग से 27 और 28 अगस्त को रवाना होंगे। अयोध्या के राममंदिर मार्ग पर बनने वाला गोदड़ीधाम 3 हजार वर्गफीट जमीन पर बनेगा।

छत्तीसगढ़ की राजधानी में गोदड़ीधाम की तर्ज पर अब अयोध्या में गोदड़ीवाला धाम बनेगा। छत्तीसगढ़ में गोदड़ीवाला 11 धाम सेवा में है। भारत व सिंध मिलाकर कुल 65 धाम इस समय संचालित हैं। इसी कड़ी में अयोध्या में गोदड़ीवाला धाम बनाने के लिए 30 अगस्त को भूमिपूजन का कार्यक्रम आयोजित है। इसमें रायपुर, भाटापारा, तिल्दा, चकरभाटा बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, धमतरी, दल्लीराजहरा, राजनांदगांव, दुर्ग और भिलाई से 500 श्रद्धालुओं का जत्था 27 अगस्त को गरीबरथ से और 28 अगस्त को हवाई मार्ग से लखनऊ होते हुए अयोध्या पहुंचेंगे। अयोध्या में बनने वाला गोदड़ीधाम ऑल इंडिया गोदड़ीधाम के सहयोग से संचालित होगा। इसके प्रबंध समिति में देश के विभिन्न स्थानों के चुनिंदा सदस्यों के साथ विशेष रूप से रायपुर गोदड़ीधाम के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

### देशभर से श्रद्धालु कार्यक्रम में पहुंचेंगे

27 और 28 को गोदड़ीवाले का मेला में भाग लेने के बाद वाहनों से यह जत्था अयोध्या रवाना होगा। इस कार्यक्रम में देशभर से श्रद्धालु पहुंचेंगे। कार्यक्रम में सुबह 9 बजे अखंड धुनी साहब का पाठ और सुंदर कांड का पाठ होगा। इसके साथ ही सत्संग कीर्तन दोपहर 2 बजे से संत महात्माओं के सानिध्य में किया जायेगा। दरबार के सेवादारी अमर गिदवानी, सतीश थौरानी, पवन प्रीतवानी ने बताया कि अयोध्या में बनने वाले गोदड़ीधाम से राममंदिर का रास्ता 10 मिनट का है।

## पेज 9 के शेष

### नवाचारी शिक्षिका ...

करती है। विकट कोरोना काल के चलते शिक्षिका नियमित रूप से बच्चों से जुड़ी रही और सैगोना के माँ शीतला प्रांगण में बच्चों को ऑफलाइन क्लास दी। साथ ही गाँव में नेटवर्क की समस्या होने के बावजूद मुश्किलों का सामना करते हुए छत पर जाकर ऑनलाइन क्लास लेती थी। जिससे बच्चों को पढ़ाई से जोड़े रखी, जिले ही नहीं दूसरे जिलों के बच्चों और शिक्षकों से जुड़कर बच्चों को मोटिवेट करती थीं। इसके अलावा वे लगातार विभिन्न गतिविधियों का संचालन कर बच्चों को प्रोत्साहित करती हैं।

# 24 घंटे पानी आपूर्ति के लिए 17 एमएलडी अतिरिक्त पानी की पड़ेगी जरूरत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर के 15 वार्डों में नवंबर से 24 घंटे जल आपूर्ति के लिए 17 एमएलडी अतिरिक्त पानी की जरूरत होगी। मोतीबाग और गंज पानी टंकी से नियमित रूप से अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति उपलब्ध कराने रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने नगर निगम के फिल्टर प्लांट को इस संबंध में पत्र लिखा है। इसमें मोतीबाग की नई पानी टंकी से 10 एमएलडी और गंज पानी टंकी से रोजाना 7 एमएलडी अतिरिक्त जल आपूर्ति की मांग की गई है। रायपुर स्मार्ट सिटी के एमबीडी एरिया में शामिल 15 वार्डों को चौबीस घंटे साफ पानी पहुंचाने के लिए 17 एमएलडी अतिरिक्त पानी चाहिए। सामान्य दिनों में शहर के 70 वार्डों को नगर निगम की नई व पुरानी 43 पानी टंकियों से औसतन 280 एमएलडी जल आपूर्ति फिल्टर प्लांट के माध्यम से की जाती है। नवंबर से शहर के 15 वार्डों में नलों से 24 घंटे पानी पहुंचाने की योजना के लागू होने पर रोजाना करीब 300 एमएलडी की खपत होने लगेगी। इस संबंध में नगर निगम के जल विभाग को रायपुर स्मार्ट सिटी की ओर से पत्र भेजा गया है। विदित हो कि मोतीबाग और गंज पानी टंकी को कमांड एरिया मानकर इसमें कनेक्ट 15 वार्डों में अनुंबधित एजेंसी द्वारा 160 किलोमीटर के दायरे में पाइप लाइन बिछाई गई है।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप




### संबलपुर में हुआ गीता ज्ञान सत्संग

**नवागढ़।** सतपाल महाराज की संस्था मानव उत्थान सेवा समिति तहसील नवागढ़ द्वारा कृष्ण जन्माष्टमी पर दो दिवसीय गीता ज्ञान सत्संग समारोह सम्बलपुर में आयोजित किया गया। जिसमें तीर्थ गयाजी से पधारी प्रेरणा बाई ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण अर्जुन से कहते हैं कि तुम मेरे वास्तविक स्वरूप को इन नेत्रों से नहीं देख सकते भगवान ने दिव्य दृष्टि प्रदान किय और अपने वास्तविक स्वरूप का दर्शन कराया। उन्होंने कहा कि संत वे हैं जो आत्मा का, भगवान का साक्षात्कार कर चुके हैं और जिज्ञासुओं को भी आत्म साक्षात्कार करा सकते हैं। बड़ी संख्या में भक्त गण दूर दूर से आकर दो दिन सत्संग का लाभ प्राप्त किए।

### रक्तदान और गौवंश सेवा में जुटा सूर्या स्क्वाड



**बेमेतरा।** सूर्या स्क्वाड बेमेतरा ने निःस्वार्थ सेवा के रूप में विगत कुछ वर्षों से जरूरतमन्दों को रक्तदान कर सहयोग किया है। साथ ही सूचना मिलने पर गौवंशों की सेवा भी की है। स्क्वाड के सदस्यों ने रक्तदान और गौवंश सेवा में अग्रणी भूमिका निभाई है, जो समाज के लिए एक अनुकरणीय उदाहरण है। स्क्वाड के सदस्य शुभम सोनी ने बताया कि विगत कुछ ही महिनों में स्क्वाड के टीम द्वारा 250 से 300 जरूरतमन्दों को रक्तदान किया जा चुका है। उनका उद्देश्य समाज की सेवा करना और जरूरतमन्दों की मदद करना है। उन्होंने कहा कि रक्तदान और गौवंश सेवा में उनकी टीम ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है और आगे भी इसी तरह सेवा करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि रक्त की आवश्यकता पड़ने पर कोई भी हमसे संपर्क कर सकता है। इसके साथ ही युवाओं से भी कहा कि टीम में जुड़कर जरूरतमन्दों का सहयोग भी कर सकते हैं।

### आत्मानंद विद्यालय में शाला संचालन समिति गठित

**लाटाबोड़।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला लाटाबोड़ में जनभागीदारी एवं शाला संचालन के लिए समिति का गठन किया गया। क्यामल साहू को अध्यक्ष बनाया गया है। उन्हें अध्यक्ष बनाए जाने पर धरम सिंह साहू, हरीश चंद साहू, कश्वित साहू, पद्म डोमार सिंह कुंवर, कुमार हिरवानी, लिखन साहू, कोमिन यादव, चुम्मन साहू, केयत ठाकुर सहित शाला स्टाफ एवं अन्य ग्रामीणों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### विनायकपुर विद्यालय में की गई विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति

**अंडा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में विधायक ललित चन्द्राकर ने मोतीलाल मार्कण्डेय को अध्यक्ष बनाया है। साथ में साहित्यिक देवांगन, जगन्नाथ देवांगन, लक्ष्मी साहू, डोमन देवांगन को सदस्य बनाया गया है। इन्द्राणी दिल्लीवार को विधायक प्रतिनिधि एवं पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में डा.भूषण दिल्लीवार को विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर उन्होंने विधायक का आभार व्यक्त किया है।

### धरोरा का छात्र खिलेश्वर तबला वादन में प्रथम

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा दुर्ग ब्लाक के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला धनोरा दुर्ग के कक्षा दसवीं के छात्र खिलेश्वर चीन्टू साहू ने कृष्णा पब्लिक स्कूल भिलाई में आयोजित प्रेज्ञोत्सव कार्यक्रम में प्रथम स्थान प्राप्त किया। उन्हें प्राचार्या सविता त्रिपाठी ने पुरस्कृत किया।

## पर्व : बेमेतरा जिला मुख्यालय सहित अंचल में धूमधाम से मनाई गई जन्माष्टमी

# जन्माष्टमी पर छलका श्रद्धा और उत्साह मटकी फोड़कर लिया दही लूट का आनंद

### दाढ़ी में निकाली गई आकर्षक झांकी, फोड़ी गई मटकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दाढ़ी

कृष्ण जन्माष्टमी पर दाढ़ी नगर में करीब 10 स्थान पर माखन मटकी फोड़ी गई, वहीं शोभायात्रा के दौरान यादव समाज की समितियों द्वारा बनाई झांकियां ने नगर वासियों का मन मोह लिया। श्री कृष्ण जन्म उत्सव पर्व पर पूरे दाढ़ी नगर में त्यौहार में उत्साह देखने को मिला। चारों तरफ का वातावरण भगवान श्री कृष्ण के रंग में डूबा रहा।

मंगलवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर की यादव समाज की समिति के तत्वावधान पर नगर में मटकी फोड़ का आयोजन रखा गया। समिति समिति के सदस्यों ने बताया कि 12 वर्षों से लगातार मटकी फोड़ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें सभी सदस्य पीले वस्त्र पहने हुए थे। समिति के सदस्यों में 10 से 20 अलग-अलग स्थान पर माखन मटकी लटकी थी। कार्यक्रम का शुभारंभ दैहान चौक पर आंख पर पट्टी



बांधकर मटकी फोड़ने से की गई। कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर दाढ़ी क्षेत्र में विभिन्न आयोजन हुए जन्म उत्सव पर पूजा अर्चना का दौर आधी रात तक चला। इसके अलावा मंगलवार को कोई स्थान पर दहीहंडी का कार्यक्रम भी रखा। इस कार्यक्रम में नगर के सभी छोटे-बड़े प्रतिष्ठित नागरिक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### कस्तूरबा विद्यालय में जन्माष्टमी पर बच्चों ने फोड़ी मटकी



**बेमेतरा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय बेमेतरा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

बच्चों के लिए कृष्ण राधा ड्रेस, मटका सजावट, हांडी फोड़ तथा राधे कृष्णा पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिसमें बालिकाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। बच्चे राधा कृष्ण के परिधान में बहुत सुंदर लग रहे थे। वही कस्तूरबा विद्यालय की अधीक्षिका भारती घृतलहरे, शिक्षिका राजकिरण मिश्रा मां यशोदा के परिधान में राधा कृष्ण को अपना स्नेह और आशीर्वाद प्रदान कर रही थीं।

कार्यक्रम में बीआरसी राजेंद्र साहू ने भगवान श्रीकृष्ण पूजा आरती की और प्रसाद वितरित किया। उसके पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। बीआरसी राजेंद्र साहू ने बालिकाओं का उत्साहवर्धन किया। सभी ने दही हांडी फोड़ का आनंद लिया। बाल कृष्ण और बलराम बने राघव, ज्ञानव ने मटकी फोड़ सबका मन मोह लिया।

नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, गोविंदा आला रे की धुन पर बच्चे झूमने लगे। बीआरसी राजेंद्र साहू ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम की सराहना की साथ ही सभी बालिकाओं को अपना आशीर्वाद दिया।

### भगवान श्री कृष्ण ने बेहतर बेटे का उदाहरण प्रस्तुत किया : योगेश




**बेमेतरा।** विधानसभा क्षेत्र ग्राम शिवगौरी धाम सिंघौरी में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज की ओर से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्व सनातन हिंदू संगठन योगेश तिवारी थे। उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों की खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर श्री तिवारी ने कहा कि आज श्री कृष्ण के आदर्शों को स्मरण करने का दिन है। श्री कृष्ण ने अपने जीवन काल में बेहतर बेटे का उदाहरण पेश किया। श्री कृष्ण केवल तन से ही देवता नहीं थे, उनके मन में भी देवत्व था। श्री कृष्ण के मूर्ति के देखते ही नयन शीतल हो जाते हैं। मूर्ति के चरणों पर जल डालकर लोग चरणामृत पीते हैं और उसके ही अपने को धन्य मानते हैं। इसलिए हम सभी को श्री कृष्ण के बताएं मार्ग पर चलने की आवश्यकता है। कार्यक्रम में सरपंच गौतरहीन बलदाऊ साहू, अध्यक्ष चुम्मन यादव, सचिव ब्यास यादव, हरी यादव, सालिक यादव, बाहल यादव, अशोक पुरी गोस्वामी, सुशील पुरी, शिबू पुरी, संतोष पुरी सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भरदालोधी स्कूल में बच्चों ने मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

**साजा।** शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला भरदालोधी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। बच्चों ने कक्षा छठवीं तथा सातवीं के बच्चों द्वारा सामूहिक नृत्य किया गया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला संस्था प्रमुख हीरालाल वर्मा, प्राथमिक शाला प्रधान पाठक मुकेश वर्मा, नरेश बघेल, राजू सेन, चुरावन बघेल, शिवेन्द डहरवाल



तथा शाला प्रबंधन समिति के सदस्य मनराखन साहू, ईरुप जंघेल, रामरतन साहू, रसोईया रेवती बाई, चित्ररेखा साहू, पूण्मिा यादव, शाला नायक विनय यादव, नीतू साहू,प्रदीप साहू, गजेंद्र जंघेल, तथा प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला भरदालोधी के समस्त बच्चे उपस्थित रहे।

### प्राथमिक शाला मजगांव में धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी



**बेरला।** शासकीय प्राथमिक शाला मजगांव में कृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में कक्षा पहली से भूमिका साहू कृष्ण स्वरूप व कक्षा दूसरी भौतिका साहू राधा स्वरूप के भेष में वेशभूषा धारण कर बैठे थे। उसके बाद विद्यालय के बच्चों ने भव्य स्वागत कर भगवान कृष्ण व राधा की आरती पूजा की। इस दौरान श्रीफल नारियल तोड़कर सभी को प्रसाद वितरण किया गया। वहीं हांडी कार्यक्रम में कक्षा पहली से पांचवीं तक सभी बच्चों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थी बड़े उत्साह के साथ दही लूट की। प्राथमिक शाला मजगांव सहायक शिक्षक चेतन कुमार साहू ने कृष्ण जन्माष्टमी पर भगवान कृष्ण के अवतार के बारे में बताया।

### स्वामी विवेकानंद विद्यालय में बच्चे राधा-कृष्ण की वेशभूषा में पहुंचे



**नवागढ़।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल नवागढ़ में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूम धाम के साथ मनाया गया। जहां केजी 1 से 5 तक के छात्र छात्राओं ने बाल कृष्ण व राधा की मनमोहक वेशभूषा में आए हुए थे। कक्षा 9वी से 12वी तक के छात्र छात्राओं ने बाल कृष्ण की पौराणिक कथाओं को प्रस्तुत किया। विद्यालय प्रमुख विरेन्द्र जायसवाल ने सभी छात्र छात्राओं को जन्माष्टमी की बधाई देते हुए कहा कि ये पर्व भगवान श्री कृष्ण के विविध लीलाओं के माध्यम से मानव जीवन में मर्यादा के साथ जीवन व्यतीत करने का माध्यम प्रदान करता है। साथ ही दही हांडी फोड़ का आयोजन किया गया। जिसमें बालक एवम बालिका समूह के छात्र-छात्राओं ने पिरामिड बनाते हुए दही हांडी फोड़ कर कार्यक्रम का समापन किया। विद्यालय प्रबंधक सीमा जायसवाल द्वारा छात्रों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य नरेश कुमार साहू, गीतेश्वर यादव, भूनेश साहू, शुभम साहू, अजय साहू, कौशल जायसवाल, ताम्रध्वज साहू, रामेश्वर यादव, नीतीश देवांगन, बीरेंद्र महिलांग संजय साहू, रेशमी देवांगन, चंद्रकली यादव सहित समस्त छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## हायर सेकेंडरी स्कूल खंडसरा की छात्राओं को मिली सायकिल




**बेमेतरा।** हायर सेकेंडरी स्कूल खंडसरा में ग्राम प्रमुख शरद जोशी, सरपंच नरोत्तम जसवाल, शाला विकास समिति अध्यक्ष अमरनाथ चक्रधारी, बुधराम रजक, अशोक जयसवाल, पूनम चौहान, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष अश्वनी बैनर्जी सहित पालकी की उपस्थिति में कक्षा नवमीं में अध्ययनरत 30 छात्राओं को राज्य सरकार की सरस्वती साइकिल योजना के तहत साइकिल वितरण किया गया। निशुल्क साइकिल पाकर छात्राएं उत्साहित नजर आयीं। अनेक छात्राओं ने कहा कि स्कूल आने-जाने में कई तरह की परेशानी होती थी, लेकिन अब साइकिल से आने-जाने में परेशानी नहीं होगी। प्राचार्य महेश साहू ने बताया कि सरस्वती साइकिल योजना के तहत 9 वीं कक्षा में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्ग के बीपीएल परिवार की बालिकाओं को साइकिल दी जाती है। इससे न सिर्फ बेटियों को स्कूल आने जाने में मदद मिलती है, बल्कि बेटियों की शिक्षा की राह आसान हो जाती है। इस अवसर पर विद्यालय के अजय शर्मा, नीलाम तिवारी, महादेव कौशल, नीरज पाण्डेय, मोहित रावत, विजय धृतलहरे सहित शाला के समस्त शिक्षक व पालक मैजूद रहे।

### गुरु बालकदास जयंती में शामिल हुईं जनपद अध्यक्ष



नवागढ़। ग्राम कुंरा में गुरु बालकदास जयंती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नवागढ़ जनपद पंचायत अध्यक्ष अंजली सतीश मार्कण्डेय ने सतनामी समाज के बड़े बुजुर्गों का शॉल एवं श्रीफल से तथा महिलाओं को साड़ी भेंटकर सम्मानित किया।

### खपरी धोबी स्कूल में किया गया पौधारोपण



**साजा।** विकास खंड, संकुल केंद्र बेलतरा अनर्गत आने वाले शासकीय प्राथमिक शाला व पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत बादाम, कदम जैसे फलदार एवं छाया दार पौधे लगाए गए। इस दौरान संस्था प्रमुख धनेश रजक एवं तारकेश्वर निर्मलकर ने बच्चों को पौधारोपण का महत्व बताया।

## देवकर में रही जन्माष्टमी की धूम



**देवकर।** नगर पंचायत देवकर में जन्माष्टमी का पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। नगर में परंपरा अनुरूप जन्माष्टमी के पर्व के अवसर पर स्थानीय राम मंदिर देवकर में अखंड राम नाम सप्ताह के आयोजन के साथ कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। स्थानीय राम मंदिर देवकर में एवं कृष्ण मंदिर में रात में नगर के लोग भारी संख्या में उपस्थित होकर भगवान का जन्म उत्सव मनाया । नगर के परम्परा अनुरूप स्थानीय राममंदिर से भगवान नगर भ्रमण कर दही हांडी तोड़कर दाहिबोरा मनाया गया। जहां स्थानीय यादव समाज के लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में गाजा बाजा के साथ व्यापारियों द्वारा रखी गयी दही हांडी फोड़ी। इस अवसर पर मंदिर समिति के सदस्यों के अलावा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### सशिमं के बच्चों ने निकाली शोभायात्रा, फोड़ी मटकी



**बेमेतरा/नारायणपुर।** ग्राम पंचायत नारायणपुर के सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भगवान श्री कृष्ण की झांकी के साथ ग्राम में भ्रमण कराया गया। साथ ही विद्यालय में कृष्ण डांडिया नृत्य, भगवान के चरित्र पर नन्हें बच्चों द्वारा नाटक करने के पश्चात मटकी फोड़ कर धूमधाम से जन्माष्टमी मनाई गई। इस अवसर पर शाला समिति के उपाध्यक्ष रामचरण साहू, सरिता साहू, पूर्व सरपंच शकुंतला साहू, अभिभावक प्रदीप साहू, दिलीप मानिकपुरी, मनहरण साहू, राजा यदु, आचार्य परिवार उमा साहू, कविता साहू और प्रधानाचार्य रेणुका साहू सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## तैयारियों को लेकर कलेक्टर ने ली विभागीय अधिकारियों की बैठक

# राष्ट्रीय पोषण माह 1 सितंबर से, चलाया जाएगा विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पूरे छत्तीसगढ़ के साथ-साथ जिले में आगामी 1 सितंबर से 30 सितंबर तक राष्ट्रीय पोषण माह के तहत विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान, विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पोषण पर जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

कलेक्टोरेट के दिशा सभा कक्ष में कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें पोषण माह के सफल क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। कलेक्टर ने बताया कि इस अभियान में महिला एवं बाल विकास विभाग के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्यानिकी सहित कई अन्य विभागों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि वे




ज़िले के अधिकारियों को आंगनबाड़ियों के लिए जिम्मेदारी सौंपें, ताकि वे वहां कम-से-कम एक घंटा बिताकर गतिविधियों की रिपोर्ट मय फोटो के साथ प्रस्तुत कर सकें। इसके अलावा, कलेक्टर ने गर्भवती महिलाओं, शिशुवती माताओं और बच्चों की स्वास्थ्य जांच के निर्देश दिए, विशेषकर एनीमिया की जांच पर जोर दिया। साथ ही, लोगों को पोषण आहार के महत्व के प्रति और अधिक जागरूक करने के लिए भी कहा। उन्होंने स्कूलों में बच्चों को खेलकूद के माध्यम से पोषण आहार और स्वच्छता के बारे में जानकारी देने की भी सलाह दी।

महिला एवं बाल विकास अधिकारी चन्द्रवेश सिंह सिसोदिया ने बताया कि इस पोषण माह में एनीमिया, वृद्धि निगरानी, पूरक आहार, और समग्र पोषण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इसके साथ ही, प्रौद्योगिकी के उपयोग से बेहतर प्रशासन, पारदर्शिता, और कुशल सेवा वितरण सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में सीईओ ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल,अपर कलेक्टर अनिल बाजपेयी, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग,ज़िले के सभी एसडीएम,विभिन्न विभागों के ज़िला अधिकारी उपस्थित थे।

श्री सिसोदिया ने यह भी बताया कि इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता रैलियों का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छह माह तक शिशुओं के लिए केवल स्तनपान और उसके बाद अनुपूरक आहार की आवश्यकता पर भी जागरूक किया जाएगा। इसके लिए आगामी 1 सितंबर से 30 सितंबर के लिए आयोजित दैनिक गतिविधियों का कलेण्डर बनाया गया है।

